हारे के सहारे आजा तेरा दास पुकारे आजा

हारे के सहारे आजा, तेरा दास पुकारे आजा,
हम तो खड़े तेरे द्वार, सुन ले करुण पुकार,
हारे के सहारे आजा, आओ ना आओ ना..

कोई सुनता नहीं, मैं सुनाऊं किसे, ये बता,
दर्द दिल का भला मैं दिखाऊं किसे, ये बता ।
तेरे होते मेरी हार, कैसे होगी सरकार,
भैरुनाथ, एक बार तु धीर बंधाजा ॥
हम तो खड़े तेरे द्वार, सुन ले करुण पुकार,
हारे के सहारे आजा...

लाख चाहूँ मगर, बात बनती नहीं, क्या करूं,
नाव भटके मेरी, पार लगती नहीं, क्या करूं ।
कैसे नैय्या होगी पार, टूट गई पतवार,
भैरुनाथ, अब हाथ तू आके लगाजा ॥
हम तो खड़े तेरे द्वार, सुन ले करुण पुकार,
हारे के सहारे आजा...

हैं भरोसा तेरा, अब सहारा तेरा भैरूजी,
तेरे चरणों में है, अब गुजारा मेरा भैरूजी ।
सबकी यही हैं पुकार, आके भक्तों को संभाल,
भैरुनाथ, आके मूल छवि दिखलाजा ॥
हम तो खड़े तेरे द्वार, सुन ले करुण पुकार,
हारे के सहारे आजा...

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/1729/title/haare-ke-sahare-aaja-tera-daas-pukare-aaja

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |